# वार्षिक पाठ्यक्रम
# सत्र: 2024-25
# कक्षा: VII
# विषय: सामाजिक विज्ञान

| पुस्तक | विषय वस्तु एवं उसका पिछली कक्षाओं के साथ मापन | सुझावात्मक गतिविधियाँ | अधिगम संप्राप्ति |
|---|---|---|---|
| **सामाजिक और राजनीतिक जीवन-II** | **कक्षा VII**<br>**अध्याय 1: "समानता"**<br><br>**पिछली कक्षाओं के साथ मापित अध्याय:**<br>**कक्षा: V**<br>अध्याय-17: फाँद ली दीवार।<br>**कक्षा VI**<br>*अध्याय 1: विविधता की समझ।<br>अध्याय 2: विविधता और भेदभाव। | 1) छात्रों से समानता के लिए संघर्ष की रोजा पार्कर की कहानी का विवरण खोजने और उस पर एक भूमिका निभाने के लिए कहें।<br>2) छात्रों को "सुगम्य भारत अभियान" और "Zero Hunger" पर एक अनुच्छेद लिखने के लिए कहें।<br>3) समानता की धारणा का विस्तार करने के लिए RPWD Act-2016 के महत्व पर विद्यार्थियों के साथ चर्चा कीजिये !<br>4)"अनुच्छेद-15" पर एक चार्ट बनाकर कक्षा में चिपकाएँ।<br>5) कार्यपत्रक सं.-20,21,25 (कक्षा VI)<br>6) कार्यपत्रक सं.- 14,15,16 (कक्षा VII) | 1) सभी लोगों के लिए अवसर की समानता में विश्वास करते हैं।<br>2) उन लोगों के प्रति अनुभूति दिखाते हैं जो बराबर अवसर प्राप्त नहीं कर पाते हैं।<br>3) सभी के लिए समान अधिकार और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए व्यावहारिक समाधान के लिए सोचते हैं। |
| **सामाजिक और राजनीतिक जीवन-II** | **कक्षा VII**<br>**अध्याय 3: "राज्य शासन कैसे काम करता है"**<br><br>**पिछली कक्षाओं के साथ मापित अध्याय:**<br>**कक्षा: VI**<br>*अध्याय 3: सरकार क्या है?<br>*अध्याय 4: लोकतांत्रिक सरकार के मुख्य तत्व। | 1) राज्य सरकार के गठन पर रोल प्ले।<br>2) विधान सभा में बहस पर रोल प्ले।<br>3) दिल्ली के मानचित्र पर अपना निर्वाचन क्षेत्र खोजें। जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोस्ड) मानचित्र इस्तेमाल करें ।<br>4) अपने राज्य के पिछले विधानसभा चुनाव परिणाम का पता लगाएं।<br>5) अपने राज्य की वर्तमान सत्तारूढ़ और विपक्षी पार्टी के नाम पता करें।<br>6) अपनी राज्य सरकार के कामकाज से जुड़े किसी भी मुद्दे जैसे कि शिक्षा कार्यक्रम, कोई कानून-व्यवस्था का मुद्दा, मध्याह्न भोजन योजना, आदि के बारे में एक वॉलपेपर प्रोजेक्ट करें।<br>7) कार्यपत्रक सं.- 28,29,30,31 (कक्षा VII)<br>8) कार्यपत्रक सं.- 32,33,34 (कक्षा VI) | 1) स्थानीय और राज्य सरकार के बीच के अंतर को समझने में सक्षम।<br>2) संसदीय और राज्य चुनावों की प्रक्रिया और तंत्र की व्याख्या करता है।<br>3) विधान सभा के कामकाज को समझने में सक्षम।<br>4) विभिन्न तरीकों को समझने में सक्षम जिसके माध्यम से लोग लोकतंत्र में सरकार के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हैं और कार्रवाई भी करते हैं। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **हमारा पर्यावरण** | **कक्षा VII**<br>**अध्याय 1: "पर्यावरण"**<br><br>**पिछली कक्षाओं के साथ मापित अध्याय:**<br><br>**कक्षा: VI**<br>*अध्याय 5: पृथ्वी के प्रमुख परिमंडल। | 1) पर्यावरण के संरक्षण पर केन्द्रित ''पर्यावरण में परिवर्तन और मानव'', विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए।<br>2) "एकआदर्श वातावरण" पर एक अनुच्छेद  लिखिए ।<br>3) "पानी के महत्त्व'" पर चर्चा कीजिए।<br>4) अपने आस-पास संतुलित वातावरण के लिए एक जागरूकता अभियान की तैयारी कीजिए।<br>5) कार्यपत्रक सं.- 5,6,7,8,9(कक्षा VII) | 1) पर्यावरण के विभिन्न घटकों और उनके बीच परस्पर संबंध को समझते हैं।<br>2) पर्यावरणीय संरक्षण की दिशा में सराहना और संवेदनशीलता को व्यक्त करते हैं ।<br>3) अपने चारों ओर प्रदूषण के कारणों का विश्लेषण कर इसे नियंत्रित करने के साधनों के बारे में चर्चा करते हैं। |
| **हमारा पर्यावरण** | **अध्याय 4: "वायु"** | 1) मौसम कैलेंडर बनाएँ ।<br>2) वायु प्रदूषण पर चर्चा करें।<br>3) एक पारिस्थितिकी तंत्र को पहचानें और उसका चित्र बनाएँ।<br>4) कार्यपत्रक सं.- 17,18,19,20 (कक्षा VII) | 1) वातावरण की संघटन और संरचना पर चर्चा कर सकते हैं।<br>2) ग्रीनहाउस प्रभाव और वातावरण के महत्व की व्याख्या करने में सक्षम।<br>3) किसी स्थान के पारिस्थितिकी तंत्र की पहचान करें।<br>4) पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली मानवीय गतिविधियों को समझने में सक्षम। |
| **हमारे अतीत –II** | **अध्याय 3: "दिल्ली : बारहवीं से पंद्रहवीं शताब्दी"** | 1) रज़िया सुल्तान, रानी रुद्रमा देवी और रानी दिद्दा पर एक अनुच्छेद लिखिए।<br>2) 12वीं से 15वीं सदी से संबंधित स्मारकों के दिल्ली के स्थानीय दौरे का आयोजन।<br>3) कार्यपत्रक सं.- 10,11,12,13 (कक्षा VII)<br>4)12वीं से 15वीं  शताब्दी के प्रशासन तथा मुग़ल प्रशासन की तुलना कीजिए। | 1) 12वीं से 15वीं सदी के बीच के शासकों के प्रशासन और रणनीतियों की तुलना करेंगे।<br>2) 12वीं से 15वीं शताब्दी के बीच की रूढ़ियों पर चर्चा करने में सक्षम। |
| **हमारे अतीत –II** | **अध्याय 4: "मुग़ल (सोलहवीं से सत्रहवीं शताब्दी) तक"** | 1) वर्तमान प्रशासन और मुग़ल के प्रशासन के बीच तुलना कीजिए।<br>2) मुग़ल कालीन सम्बंधित स्मारकों के स्थानीय भ्रमण का आयोजन<br>2) कार्यपत्रक सं.-21,22,23,24,25,26,27 (कक्षा VII) | 1) मुगलों की वंशावली को समझते हैं।<br>2) दिल्ली सल्तनत के साथ मुगलों की राजस्व और शासन व्यवस्था की तुलना करते हैं। |

**नोट:**

- उपरोक्त वर्णित पाठ्यक्रम को 13 सितंबर 2024 तक पूर्ण करवा लिया जाय।
- जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड)मानचित्र/ ग्लोब का इस्तेमाल करें ।
- मध्यावधि परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति।
- दिया गया पाठ्यक्रम मूल्यांकन हेतु है। ध्यातव्य है कि शेष पाठ्यवस्तु/ विषयवस्तु अधिगम संवृद्धि हेतु है।

*मूल्यांकन हेतु नहीं है।

## मध्यावधि परीक्षा

| पुस्तक | विषय वस्तु एवं उसका पिछली कक्षाओं के साथ मापन | सुझावात्मक गतिविधियाँ | अधिगम संप्राप्ति |
|---|---|---|---|
| **सामाजिक और राजनीतिक जीवन-II** | **अध्याय 7: "हमारे आस- पास के बाज़ार"** | 1) शॉपिंग मॉल के साथ पड़ोस की दुकानों की तुलना कीजिए।<br>2) दिल्ली के एक साप्ताहिक बाजार, थोक बाजार और शॉपिंग मॉल में किसी एक विशेष समान की कीमत का अंतर पता कीजिए। | 1) विभिन्न प्रकार के बाजारों के बीच का अंतर बता पाते हैं।<br>2) सरकार के द्वारा विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को नियंत्रित करने की जरूरत को समझते हैं। |
| **हमारा पर्यावरण** | **अध्याय 5: "जल"** | 1) मानचित्र कार्य : विश्व मानचित्र में प्रमुख समुद्र, झीलों, नदियों और महासागरीय धाराओं को दिखाइए। (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड ) मानचित्र इस्तेमाल करें ।<br>2) आपके द्वारा प्रतिदिन उपयोग में लाये जाने वाले जल के अनुमानित खर्च की सूची बनाइए तथा इस उपयोग को कम करने के उपायों पर चर्चा करें।<br>3) जल के महत्त्व और वर्षा जल संग्रहण के उपायों पर चर्चा, केप टाउन (दक्षिण अफ्रीका) में जलाभाव पर चर्चा।<br>4) जल चक्र का चित्र। (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ मानचित्र (एम्बोसड) इस्तेमाल करें ( | 1) जल के प्राकृतिक संसाधन और संरक्षण की आवश्यकता की पहचान करने में सक्षम और जल को प्रदूषित करने वाले विभिन्न कारकों से अवगत।<br>2) जल, वायु और जंगल जैसे संसाधनों के संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों को समझें \| |
| **हमारा पर्यावरण** | **अध्याय 6: "मानव- पर्यावरण अन्योन्यक्रिया: उष्णकटिबंधीय और उपोष्णप्रदेश"** | 1) भारत के नक़्शे पर उत्तरी भारत में बहने वाली नदियों को दिखाइए।<br>2) दक्षिण अमेरिका के मानचित्र पर अमेज़न बेसिन दिखाइए।<br>3)इन दो क्षेत्रों की आर्थिक गतिविधियों, वनस्पतियों और जीवों की सूची बनाएं।<br>4) कार्यपत्रक सं.- 40,41 (कक्षा VII) | 1) उष्णकटिबंधीय औरउपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में रहने की स्थिति को समझ पाते हैं।<br>2) पर्यावरण पर मानवीय अंतःक्रियाओं के प्रभावों की चर्चा कीजिए। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **हमारे अतीत –II** | **अध्याय 6:"ईश्वर से अनुराग"** | 1) भक्ति संतों और उनसे संबंधित स्थानों की एक सूची बनाइए। (आवश्यकता होने पर ब्रेल सूची का उपयोग करें)<br>2) भारत के पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण, से एक राज्य को चुनकर अपने खाद्य कपड़ों, भाषाओं, त्यौहारों, कला इत्यादि पर तुलनात्मक चर्चा कीजिए।<br>3) कार्यपत्रक सं.- 32,33,34,35,36,37,38,39 (कक्षा VII) | 1) उन कारकों का विश्लेषण करने में सक्षम जिन्होंने नए धार्मिक विचारों और आंदोलनों (भक्ति और सूफी) के उद्भव को जन्म दिया।<br>2) यह जान पाते हैं कि कविताओं, गीतों और अन्य साहित्यिक कार्यों को लिखने के लिए नई भाषाओं का उपयोग कैसे किया जाता है। |
| **हमारे अतीत –II** | **अध्याय 8: "18 वीं शताब्दी में नए राजनीतिक गठन"** | 1) पाठ में वर्णित विषयों के बारे में लोकप्रिय कहानियों पर कक्षा में चर्चा कीजिए।<br>2) मानचित्र कार्य: 18 वीं शताब्दी में नए राज्यों का गठन और अठारहवीं शताब्दी के मध्य ब्रिटिश क्षेत्र। (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ(एम्बोस्ड) मानचित्र का इस्तेमाल करें\| | 1) मुग़ल साम्राज्य के पतन के कारणों की समझ विकसित करते हैं।<br>2) 18 वीं शताब्दी के पूर्वार्ध के दौरान मुग़ल साम्राज्य और जाट, मराठा, सिख और राजपूत जैसे नए राजनीतिक समूहों के उदय के कारणों को समझ पाते हैं। |

नोट:

- उपरोक्त वर्णित पाठ्यक्रम को 31 जनवरी 2025 तक पूर्ण करवा लिया जाय।
- (जहाँ तक संभव हो उभरा हुआ (एम्बोसड)मानचित्र/ग्लोब इस्तेमाल करें |
- वार्षिक परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति।
- वार्षिक परीक्षा में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का मूल्यांकन किया जाएगा।
- दिया गया पाठ्यक्रम मूल्यांकन हेतु है। ध्यातव्य है कि शेष पाठ्यवस्तु/ विषयवस्तु अधिगम संवृद्धि हेतु है।

*मूल्यांकन हेतु नही है।

## वार्षिक परीक्षा 2025

| मानचित्र कार्य | |
|---|---|
| **दिल्ली : बारहवीं से पंद्रहवीं शताब्दी** | दिल्ली, आगरा, जौनपुर, बंगाल, मालवा, गुजरात, राजस्थान |
| **मुग़ल (सोलहवीं से सत्रहवीं शताब्दी) तक** | दिल्ली, पंजाब, मथुरा, इलाहबाद, पानीपत |
| **ईश्वर से अनुराग** | उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, गुजरात, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम |
| **क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण** | हिमाचल प्रदेश, राजस्थान(जयपुर), उत्तर प्रदेश(लखनऊ), केरल, पश्चिम बंगाल |
| **जल** | महाद्वीप और महासागर |